तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 26 अप्रैल 2026

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

4

वित्त मंत्री ने किया लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन



## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म का आरोपी 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को महज 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने महिला से करीब डेढ़ साल तक शादी का झांसा देकर शोषण किया है। जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय युवती ने 22 अप्रैल को ग्राम सराईडीपा निवासी 22 वर्षीय युवक पृथ्वीराज चौहान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि दोनों के बीच करीब डेढ़ साल से प्रेम संबंध था। इसी दौरान आरोपी ने शादी का भरोसा दिलाकर पहली बार शारीरिक संबंध बनाया और फिर लगातार विवाह का झांसा देकर उसका शोषण करता रहा। जब उसने आरोपी को अपने गर्भवती होने की जानकारी दी और शादी के लिए कहा, तो आरोपी ने साफ इनकार कर दिया। बार.बार कहने के बावजूद आरोपी के मुकर जाने पर पीड़िता को ठगी और शोषण का एहसास हुआए जिसके बाद उसने परिजनों की सलाह पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



## शिकायत के बाद शासन ने लिया संज्ञान, सभी पंजीयन प्राधिकारियों को दिए निर्देश

# बीमा और एक्सेसरीज के लिए बनाया दबाव तो शो रुम संचालक पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यदि आप नया वाहन खरीद रहे हैं तो अब शोरूम के कर्मचारी आपकों शोरूम से ही बीमा कराने या एक्सेसरीज लगवाने के लिए बाध्य नहीं कर पाएंगे। हाल में ही एक व्यापारी ने इस मामले को लेकर सीधे मुख्यमंत्री से लिखित शिकायत की थी, ऐसे में इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय से परिवहन विभाग को एक आदेश जारी किया। जिसके बाद छत्तीसगढ परिवहन विभाग ने समस्त पंजीयन प्राधिकारियों को वाहन क्रेताओं को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि किसी भी वाहन क्रेता को इंश्योरेंस, एसेसरीज किसी विशेष डीलर या स्त्रोत से लेने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ऐसा करना अनुचित व्यापार व्यवहार की श्रेणी में आता है, जो विधि सम्मत नहीं है।

अक्सर नई गाड़ी या बाइक खरीदने पर शोरूम के कर्मचारी बीमा कराने और एसेसरीज शोरूम से ही खरीदने को लेकर दबाव बनाते हैं। नियमतः शोरूम केवल वाहन के पंजीकरण और थर्ड पार्टी बीमा के लिए बाध्य कर सकता है। नई बाइक लेते समय शोरूम से ही बीमा या एसेसरीज लेना कानूनी रूप से अनिवार्य नहीं है। किंतु शोरूम में हमेशा इसे अनिवार्य ही बताया जाता है और वहां वाहन का बीमा और एक्सेसरीज बाजार की तुलना में क्रेता को महंगा ही पड़ता है।

शोरूम से कराया गया बीमा अक्सर 20 से 30 फीसदी तक महंगा ही पड़ता है। इसके अलावा वाहनों के एक्सेसरीज भी बाजार की तुलना में शोरूम में अधिक कीमतों पर मिलते हैं। इसमें मुख्य बात यह है कि यदि क्रेता बाहर से वाहन का बीमा कराता है तो ऐसे में यह सुनिश्चित करना जरूरी होता है कि वाहन की डिलीवरी के समय या एक निर्धारित अवधि तक वह एक्टिव हो और उसके पेपर क्रेता के पास हो।



### शिकायत पर होगी सख्त कार्रवाई

इस निर्देश के तहत सभी अधिकृत वाहन विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे ग्राहकों पर किसी प्रकार का दबाव या अनिवार्यता न थोपें। यदि इस प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित डीलरों के विरुद्ध मोटरयान नियमों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, बीमा या एक्सेसरीज के लिए दबाव डालने की शिकायत पर संबंधित डीलर के विरुद्ध केन्द्रीय मोटरयान नियम, 1989 के नियम 34 से 44 तक के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई के निर्देश छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग ने सभी पंजीयन प्राधिकारियों को दिए हैं।

### यह कहा गया है आदेश में

इस आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा-39 के अनुसार बिना वैध पंजीयन के कोई भी वाहन सार्वजनिक स्थान पर उपयोग नहीं किया जा सकता है, किन्तु पंजीयन के लिए एक्सेसरीज क्रय करने की कोई अनिवार्यता निर्धारित नहीं की गई है। केन्द्रीय मोटर वाहन नियम 1989 तथा छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के अंतर्गत केवल निर्धारित सुरक्षा एवं मानक उपकरणों का प्रावधान किया गया है। अतिरिक्त एक्सेसरीज जैसे सीट कवर, म्यूजिक सिस्टम, क्रैश गार्ड, फुट रेस्ट, साड़ी गार्ड, वाटर गार्ड, पंचर सुधारने, टायरों में हवा भरने की किट आदि वैकल्पिक प्रकृति की हैं एवं उनका क्रय पूर्णतः वाहन केता के विवेक पर निर्भर है कि वह अपने वाहन से संबंधित आवश्यक एक्सेसरीज शोरूम से खरीदे या स्थानीय बाजार से। भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निदेशों के अनुसार बीमा पॉलिसी का क्रय पूर्णतः ग्राहक की स्वयं की पसंद पर आधारित है तथा किसी भी बीमा उत्पाद को अन्य उत्पाद, सेवा के साथ अनिवार्य से जोड़ना अथवा बाध्य करना अनुमति नहीं है।

### नहीं है अनिवार्य

नया वाहन लेते समय शोरूम से बीमा कराना और एसेसरीज लेना अनिवार्य नहीं है। क्रेता,वाहन की डिलीवरी से पहले इन प्रक्रियाओं को खुद से भी करावा सकता है और अपनी इच्छा अनुसार बीमा कंपनी चुन कर वाहन का बीमा करा सकता है, जिसके बाद वह वाहन की डिलीवरी ले सकता है।

**अमित प्रकाश कश्यप**
जिला परिवहन अधिकारी, रायगढ

## मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों पर स्थानीय युवक के साथ लूट व मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पर्यावरण कार्यालय के समीप मेडिकल कॉलेज कुछ जूनियर डॉक्टरों पर बंगला पारा निवासी युवक ने गाली गलौज, मारपीट व लूटने का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित शिकायत की है। यह घटना बीती रात की बताई जा रही है। हालांकि इस मामले से संबंधित जूनियर डॉक्टरों ने भी अपनी शिकायत थाने में दी है। ऐसे में दोनों पक्षों की शिकायतों पर पुलिस जांच कर रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए बंगलापारा निवासी सुदर्शन पाण्डेय पिता पुरूषोत्तम पाण्डेय ने बताया कि वह 25 अप्रैल की सुबह करीब 4 बजे अपने उसके एक दोस्त को छोड़ने के लिए जा रहा था, इसी बीच पर्यावरण विभाग के पास बुलेट सवार दो युवकों ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं रूका और आगे बढ़ गया। किंतु उक्त दोनों युवकों ने उसका पीछा किया और उसे रोक लिया। उक्त युवकों ने अपना नाम अनिल मीणा और देवेन्द्र चौरसिया बताया। जब सुदर्शन ने अपनी बाइक रोकी तब युवकों ने उसे अपने आप को डॉक्टर होने और नमस्ते करने के बाद ही यहां से जाने के लिए कहा, लेकिन सुदर्शन ने उन्हें इनकार कर दिया। इतने में ही उन युवकों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जिसके बाद उन्होंने अपने कुछ अन्य साथियों को वहां बुला लिया और सुदर्शन की चांदी की चेन और नगद 4 हजार रूपए छिन लिए। साथ ही मारपीट भी की। पीडित ने शिकायत में बताया कि उन्होंने उसका मोबाइल भी तोड़ने का प्रयास किया। जिसके बाद वह किसी तरह वहां से निकल कर अपने घर पहुंचा और थाने में आकर शिकायत दी। वहीं दूसरी ओर इस घटना से संबंधित जूनियर डॉक्टरों ने भी अपने अन्य साथियों के साथ चक्रधरनगर थाने पहुंच कर युवक के खिलाफ गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दी है। दोनों ही पक्षों ने थाने में शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है, हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मध्य इस विवाद की मुख्य वजह क्या है। पुलिस इस घटना का समय मध्य रात्रि 1.30 बजे बता रही है तो वहीं प्रार्थी ने अपने आवेदन सुबह 4 बजे यह वाक्या होने का जिक्र किया है। ऐसे में पुलिस अब दोनों ही पक्षों के शिकायत के आधार पर जांच कर रही है।



### दोनों पक्ष ने थाने में की लिखित शिकायत, जांच में जुटी पुलिस

### दोनों पक्ष ने की शिकायत

मेडिकल कॉलेज के कुछ जूनियर डॉक्टर और बंगला पारा निवासी एक युवक के बीच बीती मध्य रात्रि विवाद होने का मामला है। दोनों ही पक्षों ने लिखित शिकायत थाने में दी है, मामले की जांच की जा रही है।

**गेंदलाल साहू**
उपनिरीक्षक, चक्रधरनगर थाना

## सड़क हादसे में दो बाइक सवार की मौत, घरघोड़ा थाना क्षेत्र की घटना

**रायगढ़।** दो अलग-अलग हादसे में एक नाबालिग तो एक पूर्व सरपंच की मौत हो गई। नाबालिग की तेज रफ्तार बाइक बिजली खंभे से जहां टकरा गई। वहीं सड़क पर मवेशियों की लड़ाई मौत का कारण बन गई। घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटरीमाल में एक बाइक सवार नाबालिग अपनी मोटरसाइकिल पर नियंत्रण खो बैठा और उसकी बाइक खंभे से टकरा गई। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में सड़क पर लड़ रहे मवेशियों पूर्व सरपंच की बाइक टकरा गई, जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दोनों ही मामले में मर्ग कायम करते हुए कार्यवाही में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोटरीमाल में बाइक क्रमांक सीजी 13 जे 3324 में सवार नुराज राठिया 16 वर्ष काफी तेज रफ्तार से आ रहा था। इसी बीच नाबालिग बाइक से अपना नियंत्रण खो बैठा और बाइक सड़क किनारे स्थित खंभे से टकरा गई। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। हादसे के बाद आस-पास में मौजूद अन्य लोग भागते हुए वहां पहुंचे, लेकिन जब तक नाबालिग को अस्पताल ले जाया जाता उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं दूसरी ओर सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मर्ग कायम कर पंचनामा की कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की विस्तृत जांच जारी है। इसी तरह दूसरी घटना भी घरघोड़ा थाना क्षेत्र के कोटरीमाल के पास घटित हुई। जहां रायकेरा के पूर्व सरपंच मोमराज राठिया किसी काम से कहीं गए हुए थे और वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच कोटरीमाल के पास मुख्य मार्ग पर मवेशी आपस में लड़ाई कर रहे थे, सामने की ओर से आ रहे मोमराज की बाइक मवेशियों से टकरा गई और वे बाइक से गिर पड़े।



## खबर संक्षेप

### जिला सलाहकार समिति की बैठक 27 को

**अम्बिकापुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 (57) के अन्तर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक 27 अप्रैल 2026 को प्रातः 11:30 बजे से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभा कक्ष में आयोजित होगी। उन्होंने बैठक में सर्वसंबंधितों को निर्धारित तिथि व समय में उपस्थित होने का आह्वान किया है।

### संलग्न स्वास्थ्य कर्मियों को यथावत रखने की मांग

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक कमलेश सोनी के नेतृत्व में गुरुवार को प्रतिनिधि मंडल ने संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं से सौजन्य भेंट कर संचालनालय द्वारा मूल पदस्थ संस्थाओं से अन्य संस्थाओं में संलग्न चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मियों के संलग्नीकरण समाप्त करने हेतु जारी निर्देश से अवगत करा चिकित्सकों,चिकित्सा कर्मियों का संलग्नीकरण समाप्त करने से स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों के इलाज एवं कार्यालयीन कार्य प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए शहरी स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा में 16 चिकित्सा कर्मियों को पूर्ववत कार्य संपादन करने हेतु आदेश जारी किया गया है।स्वास्थ्य एवं पारिवारिक समस्याओं के कारण संलग्न चिकित्सा कर्मियों एवं लिपिकों को कार्यमुक्त करने से अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्य प्रभावित होने की संभावना पर कार्यमुक्त कर्मचारियों को पूर्ववत कार्य कराने हेतु निर्देश देने की मांग की।संयुक्त संचालक ने उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन पर इस संबंध में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया । मामले में उचित कार्यवाई नहीं होने पर आंदोलन करने करने की चेतावनी दी है। इस दौरान संजय यादव, विरेन्द्र यादव, रिता कुर्रे आदि उपस्थित थे।

### बाइक की टक्कर से घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** रिश्तेदार के यहा शादी का न्योता देने जा रहे वृद्ध को बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए वृद्ध की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम चांचीडांड निवासी भुवनेश्वर आ. स्व. भूखल राम (66 वर्ष) बुधवार को ग्राम पलढ़ा निवासी रिश्तेदार के यहां शादी का न्योता देने पैदल जा रहा था। जैसे ही वृद्ध ग्राम धरमपुर मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी गांव के सरपंच रामपति ने परिजन को दी और घायल वृद्ध को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती होने की बात बताई। परिजन अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन वृद्ध की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल से छुट्टी कराकर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### जनगणना प्रगणक और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण

**बिश्रामपुर।** आगामी जनगणना 2027 को मद्देनजर रखते हुए नगर पंचायत शिवनंदनपुर एवं बिश्रामपुर में प्रगणक और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया,यह प्रशिक्षण 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम चार्ज अधिकारी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी शिवनंदनपुर सुनील सिन्हा तथा बिश्रामपुर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुशील तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ,इसमें मास्टर ट्रेनर के रूप में व्याख्याता राजेश किस्पोट्टा एवं बालक हायर सेकेंडरी स्कूल बिश्रामपुर के शिक्षक अनिल पटेल ने मार्गदर्शन दिया,प्रशिक्षण में नगर पंचायत शिवनंदनपुर के 3 पर्यवेक्षक और 17 प्रगणक, जबकि नगर पंचायत बिश्रामपुर के 5 पर्यवेक्षक एवं 23 प्रगणकों ने भाग लिया,बताया गया कि जनगणना 2027 के अंतर्गत 1 मई से 31 मई तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा।

## प्रशासन की चुप्पी पर उठे गंभीर सवाल

# स्टेट हाइवे पर लगा गार्ड वॉल टूटा राहगीरों की जान हर रोज खतरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ रात में कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

जिले के नारायणपुर क्षेत्र में स्टेट हाईवे 17 के चराईडांड़- बतौली मार्ग स्थित कपरी नाला के पास सड़क सुरक्षा के लिए लगाया गया लोहे का गार्डवाल इन दिनों टूटा हुआ पड़ा है, जिससे आवागमन करने वाले राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडराने लगा है। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा इस स्थान पर सड़क के दोनों किनारों पर लोहे के मजबूत गार्डवाल लगाए गए थे, ताकि तीव्र मोड़ और नाले के पास दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। पिछले कुछ दिनों से यहां का नजारा बदला हुआ दिखाई दे रहा है। सड़क के एक तरफ का गार्डवाल जमीन पर उखड़ा हुआ पड़ा है और उसकी स्थिति को देखकर यह साफ तौर पर प्रतीत होता है कि यह किसी सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त नहीं हुआ लगता है। यदि ऐसा होता तो गार्डवाल पूरी तरह मुड़ जाता या कई हिस्सों में टूटकर बिखरा होता, जबकि यहां ऐसा कुछ भी नजर नहीं आता। डिवाइडर को देखने से ऐसा लगता है कि किसी ने जानबूझकर औजार की मदद से उसे उखाड़कर नीचे रख दिया है। स्थानीय ग्रामीणों और नियमित रूप से इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों ने आशंका जताई है कि यह हरकत किसी अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा की गई है, जिन्होंने अपने निजी स्वार्थ या शरारत के चलते सड़क सुरक्षा के इस अहम साधन को नुकसान पहुंचाया है। लोगों का कहना है कि यह क्षेत्र पहले से ही दुर्घटना संभावित स्थल रहा है और गार्डवाल लगाए जाने के बाद काफी हद तक हादसों में कमी आई थी, लेकिन अब इसके टूट जाने से फिर से खतरा बढ़ गया है।



### खतरे की आशंका

रात के समय और तेज रफ्तार वाहनों के लिए यह स्थिति और भी ज्यादा खतरनाक बन जाती है, क्योंकि अंधेरे में गार्ड वाल के अभाव में वाहन चालक संतुलन खो सकते हैं या सीधे नाले में गिर सकते हैं। इससे किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### कार्रवाई की मांग

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर यह हरकत किसने और क्यों की? क्या यह सिर्फ शरारत है या इसके पीछे कोई बड़ा उद्देश्य छिपा है? इन तमाम सवालों के जवाब तलाशना प्रशासन और संबंधित विभाग के लिए जरूरी हो गया है,ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, टूटे हुए गार्ड वाल को जल्द से जल्द पुनः स्थापित कर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

### सरकारी संपत्ति असुरक्षित

सवाल यह कि समय रहते इस तरह की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो आने वाले समय मे अन्य स्थानों पर लगे गार्डवाल और सरकारी संपत्तियां भी असुरक्षित हो सकती हैं। ऐसे में आवश्यक है कि प्रशासन सख्ती दिखाए और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई कर लोगों के मन में सुरक्षा और विश्वास कायम रखे।

### दोषियों पर होगी कार्रवाई

कि कपरीनाला में लोहे का गार्डवाल का क्षतिग्रस्त की सूचना आपके माध्यम से मिल रही है। इंजीनियर को भेज कर मुआयना कराया जाएगा। दोषी पाए जाने पर संबंधित पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। क्षतिग्रस्त हुए गार्डवाल की मरम्मत कराई जाएगी।

-**विनोद लकड़ा**, एसडीओ, लोक निर्माण विभाग, कुनकुरी



## ग्रामीण पर्यटन के रूप में आकार ले रहा जशपुर का केरे गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ आकर्षण, सफल होमस्टे अनुभव से बढ़ी पहचान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में जशपुर जिले का केरे गांव तेजी से एक उभरते पर्यटन स्थल के रूप में पहचान बना रहा है। जिला प्रशासन के सफल प्रयासों का परिणाम है, जिसने इस गांव को अपनाकर यहां 5 होमस्टे स्थापित किए हैं तथा स्थानीय ग्रामीणों को होमस्टे प्रबंधन एवं अतिथि सेवा का समुचित प्रशिक्षण प्रदान किया है।

हाल ही में महुआ होमस्टे, केरे में ठहरे अतिथियों का अनुभव इस पहल की सफलता को दर्शाता है। बिलासपुर से रांची जा रहे तीन यात्रियों के समूह ने अपने सफर के दौरान एक आरामदायक ठहराव की योजना बनाई। इंटरनेट पर खोज के दौरान उन्हें हॉट की वेबसाइट पर महुआ होमस्टे की जानकारी मिली। केरे गांव में अतिथियों के आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें ताजे, पौष्टिक एवं घर के बने भोजन का स्वाद चखने को मिला। अतिथियों ने भोजन की गुणवत्ता, ठहरने की सुविधा और मेजबानों के आत्मीय व्यवहार की सराहना की। यह अनुभव दर्शाता है कि केरे गांव को एक भरोसेमंद और आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिला प्रशासन, जशपुर, इस पहल के माध्यम से केरे गांव में विकसित हो रही सामुदायिक भागीदारी और स्थानीय आजीविका के नए अवसरों को महत्वपूर्ण मानता है। इस तरह के प्रयास न केवल ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हैं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रखते हुए पर्यटन को एक जिम्मेदार और समावेशी दिशा प्रदान करते हैं। सकारात्मक अनुभवों और बढ़ती पहचान के साथ, केरे गांव छत्तीसगढ़ में सामुदायिक आधारित पर्यटन विकास का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनने की दिशा में अग्रसर है।

## मंडी बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा आज

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आगामी 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा राज्य के 16 जिलों में आयोजित की जा रही है। जिसमें लगभग 2 लाख 47 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। जिसमें प्रदेश के 33 जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। जशपुर जिले में कुल 15 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा सम्पन्न होगी, जिसमें 4904 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित परीक्षार्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन करें। ताकि परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे उनकी फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र के माध्यम से सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सके। परीक्षा का समय प्रातः 10 से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिए जाएंगे। जिसके पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आने के लिए कहा गया है।

## सीएम ने किया 'अम्बुबाची' का विमोचन

■ जशपुर की अधिवक्ता को बड़ा सम्मान

**जशपुरनगर।** जशपुर की साहित्यिक पहचान को शनिवार को उस वक्त नई ऊंचाई मिली, जब जिले की वरिष्ठ अधिवक्ता और चर्चित कवयित्री शुभा मिश्रा के दूसरे एकल काव्य संग्रह 'अम्बुबाची' का विमोचन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में किया। मुख्यमंत्री के हाथों पुस्तक लोकार्पण होते ही जशपुर का नाम प्रदेश के साहित्यिक मानचित्र पर एक बार फिर मजबूती से दर्ज हो गया। यह अवसर केवल एक पुस्तक विमोचन भर नहीं था, बल्कि जशपुर की प्रतिभा, नारी शक्ति और साहित्यिक चेतना के सम्मान का भी प्रतीक बन गया। श्रीमती शुभा मिश्रा जशपुरनगर में निवास करती हैं और जिले की वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में वर्षों से अपनी सेवाएं दे रही हैं। उनकी नई पुस्तक 'अम्बुबाची' को स्त्री संवेदना, आध्यात्मिकता, प्रकृति, सामाजिक सरोकार और जीवन के गहरे अनुभवों का सशक्त दस्तावेज माना जा रहा है। पुस्तक का शीर्षक भी पाठकों में विशेष उत्सुकता जगा रहा है। श्रीमती मिश्रा के पति विनोद मिश्रा भी जशपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। वे राजपुरोहित के रूप में भी समाज में प्रतिष्ठित पहचान रखते हैं। मिश्रा परिवार लंबे समय से सामाजिक, धार्मिक और बौद्धिक गतिविधियों से जुड़ा रहा है।



## मरीज को छोड़कर अंबिकापुर जा रही एम्बुलेंस गिरी पुल के नीचे, चालक गंभीर

**सेदम।** ग्राम शिवपुर में मरीज छोड़कर अंबिकापुर जा रहे एंबुलेंस पुल के नीचे गिर गया जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक को ग्रामीणों ने बाहर निकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली में भर्ती कराया जहां गंभीर हालत होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि सुबह लगभग 6 बजे बतौली के शिवपुर एकलव्य विद्यालय के समीप तेज रफ्तार एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गया। जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## लटोरी बस स्टैंड समीप अनियंत्रित हाइवा ने बाइक सवार महिला को कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

■ लटोरी पुलिस ने हाइवा वाहन को किया जब्त

रिश्तेदार के साथ बाइक से वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही महिला की हाइवा की चपेट में आने मौत हो गई है। लटोरी पुलिस ने बताया कि रघुनाथपुर गंगापुर निवासी 45 वर्षीय श्रीमती शिरोमणि पति पवन शुक्रवार को रिश्तेदार बतौली बीरिमकेला निवासी शोभनाथ प्रजापति के साथ बाइक क्रमांक सीजी 15 सीयू 1251 में भटगांव एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी।

तभी सुबह करीब साढ़े 10 बजे ग्राम बरियों की तरफ से गिट्टी लोडकर भैयाथान की ओर जा रहे हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 15 यूके 3219 के चालक ने अंबिकापुर-बनारस हाइवे मार्ग पर लटोरी बस स्टैंड समीप मोहन पान दुकान के सामने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे बाइक सवार महिला अचानक नीचे फेंका गई और हाइवा वाहन के पिछले चक्का की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में महिला का सिर पूरी तरह कुचल गया था। घटना उपरांत वाहन चालक ने हाइवा वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया है। सूचना पर लटोरी पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा करने उपरांत दुर्घटनाकारित हाइवा वाहन को जब्त कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।



घटना स्थल पर महिला की लाश।

### अवैध कोयला खनन के दौरान चट्टान के नीचे दबने से ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** अवैध कोयला खनन के दौरान पत्थर की चट्टान के नीचे दबने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुबह ग्राम कटकोना एवं अमेरा खदान की सरहद पर घुनघुट्टा नदी के किनारे से गुजरने के दौरान दुर्गंध आने पर ग्रामीण नजदीक पहुंचे तो पत्थर की चट्टान के नीचे एक ग्रामीण को दबा देखा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से चट्टान को हटवाकर शव को बाहर निकलवाय। मृतक की पहचान ग्राम लोसगा निवासी जयप्रकाश पिता सुबरन के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि मृतक रोज की तरह बुधवार को सुबह कोयला खनन करने अमेरा खदान क्षेत्र में गया था। अनुमान लगाया जा रहा है कि कोयला खनन के दौरान पत्थर की चट्टान गिरने से वह दब गया होगा तथा मौत हो गई होगी। पुलिस ने पीएम उपरांत शव परिजन को सौंप दिया है।

### केबिनेट मंत्री के निर्देश पर आंबा केंद्रों के संचालन समय में किया गया बदलाव

**बिश्रामपुर।** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग ने बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए त्वरित और संवेदनशील निर्णय लिया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के स्पष्ट निर्देश पर ग्रीष्मकाल के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में बदलाव करते हुए इसे 6 घंटे से घटाकर 4 घंटे कर दिया गया है। जारी निर्देश में 1 अप्रैल से 30 जून तक आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक संचालित होंगे। विशेष रूप से 23 अप्रैल से 30 जून तक बच्चों की उपस्थिति का समय केवल सुबह 7 बजे से 9 बजे तक निर्धारित किया गया है।

## केन्द्रीय विद्यालय में मना विद्या प्रवेशोत्सव

**जशपुरनगर।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय जशपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर कक्षा बालवाटिका एवं कक्षा प्रथम के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए "विद्या प्रवेशोत्सव"हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य श्री नरेन्द्र कुमार, शिक्षकगण एवं अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों, पुष्प सज्जा एवं आकर्षक अलंकरण से सुसज्जित किया गया, जिससे वातावरण अत्यंत आनंदमय एवं स्वागतपूर्ण बन गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर, पुष्पवर्षा कर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। बच्चों के चेहरों पर उत्साह, जिज्ञासा एवं प्रसन्नता स्पष्ट झलक रही थी। विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा,"विद्या प्रवेशोत्सव बच्चों के जीवन की एक महत्वपूर्ण शुरुआत है। हमारा प्रयास है कि वे विद्यालय को सीखने के साथ-साथ आनंद का केंद्र मानें।



## विद्यालय के कर्मचारियों को दी गई विदाई

**जशपुरनगर।** शासकीय उमा विद्यालय गम्हरिया में कार्यरत राम कुमार पाठक प्राचार्य पद से एवं शोभावन्ती राठिया खेल शिक्षिका के पद से एवं रामेश्वरम राम कार्यालयसहायक के पद से सेवानिवृत्त हुए। इन कर्मचारियों के सम्मान में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सहकर्मियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आपका अनुभव और योगदान हमेशा प्रेरणादायक रहेगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि आपका आगे का जीवन आनंद, स्वास्थ्य और सफलता से परिपूर्ण रहे।"उनके द्वारा संस्था के शिक्षक - शिक्षिका को भाऊक मन से जीवन जीने के तथा अपने कर्तव्य को निभाने के प्रेरणा दी गई। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान इन्होंने न केवल विद्यार्थियों को शिक्षित किया।




## जशपुर में 28 को लगेगा रोजगार मेला, 360 पदों पर होगी भर्ती

**जशपुरनगर।** जिले में बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार पाने का एक सुनहरा अवसर है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर द्वारा 28 अप्रैल 2026 मंगलवार को रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले में तीन कंपनियों द्वारा कुल 360 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक सुबह 11:00 बजे से अपने मूल दस्तावेजों के साथ रोजगार कार्यालय, जशपुर में उपस्थित होकर रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदकों को अपने साथ समस्त मूल प्रमाण पत्रों, पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर में उपस्थित होना है। रोजगार मेले में आरजे ग्रुप मैनपॉवर अंतर्गत 50 पदों में भर्ती होनी है, जिनमें सिक्योरिटी गार्ड हेतु 20 पद योग्यता 10 वीं व 12 वी, फाइनेंस ऑफिसर के 10 पद योग्यता 10 वीं व 12 वी, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 10 पद योग्यता 12 वीं के साथ डीसीए, रिसेपनिस्ट के 5 पद योग्यता 12 वीं के साथ डीसीए और स्टाफ नर्स के 5 पदों के लिए योग्यता नर्सिंग होना आवश्यक हैं।

## चोरी की बात पर जान से मारने की धमकी व अपमानित करने के मामले में पुलिस ने 9 लोगों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

चोरी की बात को लेकर एक व्यक्ति को गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने और अपमानित करने के मामले में पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार कल्याणपुर निवासी मो. रहमान ताज ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 23 अप्रैल की दोपहर 1 बजे ग्राम पस्ता का विश्वनाथ सिंह व अन्य लोग उसे बुलाकर सोलर पैनल का तार को चोरी करने का आरोप लगाकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपमानित कर बाल काटकर, माला पहनाकर गांव में घुमाया गया। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 351(3), 115(2), 191(2), 133, 126, 74 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। थाना रामानुजनगर पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए दबिश देकर पस्ता निवासी आरोपी विश्वनाथ सिंह (42 वर्ष), गोलचंद राजवाड़े (33 वर्ष), पूरन राम प्रजापति ( 42 वर्ष), रामसाय सिंह (54 वर्ष), कलेश्वर राम (45 वर्ष), बालसाय राजवाड़े (59 वर्ष), भज्जू सिंह (76 वर्ष), हीरासाय राजवाड़े (35 वर्ष) एवं हरवंश राजवाड़े ( 37 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर सभी ने पीड़ित के बाल काटकर गांव में घुमाने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।



## कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त, जिले के 8 उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर की कार्रवाई

**सूरजपुर।** जिले के किसानों को खरीफ मौसम में समय पर एवं उचित दर पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए उर्वरक कालाबाजारी के विरुद्ध एक बड़ी कार्यवाही की है।

कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन एवं उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में गठित जिला एवं विकासखंड स्तरीय दल द्वारा उर्वरक कालाबाजारी के विरुद्ध संयुक्त रूप से अभियान चलाते हुए जिले के 8 उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों पर कड़ी कार्रवाई की है। शासन के निर्देशानुसार गत वर्ष की तुलना में अधिक मात्रा में उर्वरक विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें कई अनियमितता उजागर हुईं। निरीक्षण के दौरान उर्वरक नियंत्रण आदेश के नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर तत्काल उर्वरक विक्रय पर रोक लगा दी गई है। जांच के दौरान पाया गया कि कई विक्रय केन्द्रों पर स्टॉक बोर्ड एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं की जा रही थी। साथ ही बिल बुक, स्टॉक रजिस्टर एवं वितरण पंजी का समुचित संधारण भी नहीं किया जा रहा था। इसके अतिरिक्त विक्रय केन्द्रों के भौतिक स्कंध फिजिकल स्टॉक एवं पीओएस मशीन में दर्ज स्कंध मात्रा में महत्वपूर्ण अंतर पाया गया, जो उर्वरक नियंत्रण आदेश का स्पष्ट उल्लंघन है। कार्रवाई के तहत जिले के 8 प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इन प्रतिष्ठानों में मेसर्स अनिल कृषि सेवा केंद्र चंदरपुर, मेसर्स अजय कृषि सेवा केंद्र चंदरपुर, मेसर्स महानंद राय अग्रवाल सूरजपुर, मेसर्स इराकी जनरल स्टोर जयनगर, मेसर्स तायल ट्रेडर्स प्रतापपुर, मेसर्स श्याम ट्रेडर्स प्रतापपुर, मेसर्स किसान सेवा केंद्र प्रतापपुर एवं मेसर्स श्रीराम कृषि सेवा केन्द्र छिन्दपारा शामिल हैं। अनियमितताओं के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ-साथ विक्रय प्रतिबंध लगाते हुए संबंधित संस्थाओं के उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र को 21 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। साथ ही संबंधित प्रतिष्ठानों को 7 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।



# किंग का नया टीजर जारी रिलीज डेट हुई कंफर्म

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की किंग इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की भारी-भरकम स्टारकास्ट पहले से ही सुर्खियां बटोर रही है। वहीं, पिछले साल शाहरुख के बर्थडे पर फिल्म का पहला लुक सामने आने के बाद फैंस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक नया टीजर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट कंफर्म कर दी है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा इंस्टाग्राम पर किंग का एक खास टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया कि किंग क्रिसमस के मौके पर एक दिन पहले 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प कैप्शन भी शेयर किया गया, जिसमें शाहरुख खान की 'बॉलीवुड के बादशाह' के रूप में लोकप्रियता का जिक्र किया गया।

लाइफ Style

# साई टाइपकास्टिंग से बचने कहना पड़ता है ना



साई ताम्हणकर इन दिनों वेब सीरीज 'मटका किंग' में नजर आ रही हैं, जो 60 के दशक के बैकग्राउंड पर आधारित एक दिलचस्प कहानी है। इस प्रोजेक्ट में वे बरखा जैसे दमदार किरदार में दिखाई दी हैं। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने अपने किरदार, इंडस्ट्री में टाइपकास्टिंग, पैन इंडिया ट्रेंड, पर्सनल लाइफ और एक्टिंग के बदलते दौर और अपनी शादी पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, टाइपकास्टिंग से बचना बहुत मुश्किल रास्ता है। इसके लिए एक एक्टर को अक्सर इंतजार करना पड़ता है कि उसे कुछ अलग और चुनौतीपूर्ण ऑफर किया जाए।

एजेंसी ⏭ मुंबई


मैं इंडस्ट्री के दूसरे पक्ष को भी समझती हूं, जब कोई एक्टर किसी खास तरह के रोल में खुद को साबित कर देता है, तो उसे उसी तरह के रोल में कास्ट करना एक सेफ बेट माना जाता है। लेकिन मुझे लगता है कि अब थोड़ा रिस्क लेने की जरूरत है। एक्टर्स को रीइमैजिन करना चाहिए, उन्हें नए नजरिए से देखना चाहिए और अलग अलग तरह के किरदारों में मौका देना चाहिए। मैंने खुद भी टाइपकास्टिंग का अनुभव किया है। ऐसे में इससे बचने का एक ही तरीका है, एक जैसे रोल्स को ना कहना। हालांकि यह फैसला आसान नहीं होता। यह जर्नी कई बार मानसिक, पेशेवर और आर्थिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। लेकिन, अगर आपको अपने करियर में कुछ अलग हासिल करना है, तो यह कदम उठाना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले मैंने एक फाउंडेशन के लिए एक गाने पर काम किया था, जिसे नागराज मुंगले ने डायरेक्ट किया था। उस दौरान हमारी थोड़ी सी बातचीत हुई थी और तभी से मेरे मन में कहीं न कहीं ये इच्छा थी कि मुझे उनके साथ फिर से काम करना है। जब मुझे पता चला कि 'मटका किंग' को वही डायरेक्ट कर रहे हैं, तो मेरे पास 'ना' कहने की कोई वजह ही नहीं थी। मुझे लगा कि यह एक बेहतरीन कोलैबोरेशन होगा, अच्छे कलाकार और पूरी टीम के साथ काम करने का मौका मिलेगा।

## हॉलीवुड मसाला



# दो साल बाद भारत लौटीं ग्लोबल आइकन

**मुंबई।** ग्लोबल पॉप सेंसेशन और 9 बार ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकीं रिहाना गुरुवार रात को अचानक भारत आई हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर देर रात करीब 10:30 बजे उन्हें स्पॉट किया गया। बारबाडोस की सिंगर इससे पहले 2024 में अनंत अंबानी की शादी में भारत आई थीं। एक ओर जहां, मुंबई में लैंड होते ही उनके चेहरे पर बेहद खुशी नजर आई, वहीं मौके पर मौजूद पपाराजी का भी जोश देखने लायक रहा। उन्होंने रिरी-रिरी के नारों के साथ सिंगर का स्वागत किया। इसके साथ हमीडिया पर रिहाना के फोटोज और वीडियोज भी सकुर्लेट होने लगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिहाना भारत में अपने ब्यूटी और कॉस्मेटिक लाइन 'फेंटी ब्यूटी' के एक इवेंट के लिए आई हैं। अपने पिछले इंडिया टूर के बाद रिहाना ने अपनी दोस्त मेलिसा फोर्ड के इंस्टाग्राम लाइव में हिस्सा लिया था।




# 40 साल बाद भारत में फिर रिलीज होगी टॉम की टॉप गन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की ब्लॉकबस्टर फिल्म टॉप गन को रिलीज हुए इस साल 40 साल पूरे हो जाएंगे। अब इस मौके पर भारत में टॉप गन फिर से रिलीज होगी। खुद मेकर्स न इसकी घोषणा की है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने शुक्रवार को यह घोषणा की कि वह 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म और इसके 2022 के सीक्वल टॉप गनः मैवरिक को एक विशेष एक सप्ताह के लिए सिनेमाघरों में फिर से रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। टॉम क्रूज के पीट 'मैवरिक' मिशेल को 15 मई से एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखा जा सकेगा। 1986 में रिलीज हुई टॉप गन सुपरहिट थी। फिल्म में कई जबरदस्त एक्शन सीन, एयरिय बैटल्स व डॉगफाइट्स और अमेरिकी वायु सेना के पायलटों की ग्लैमरस जिंदगी को दिखाया है। यह फिल्म टॉप गन के नाम से मशहूर फाइटर वेपन्स स्कूल में नौसेना के प्रतिभाशाली पायलटों के एक ग्रुप की कहानी है, जो बेस्ट बनने की होड़ में अपने विमानों और एक-दूसरे की क्षमताओं की चरम सीमा तक पहुंच जाते हैं। दिवंगत टोनी स्कॉट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वैल किल्मर, एंथनी एडवर्ड्स, केली मैकगिलिस, मेग रयान और टॉम स्केरिट ने सहायक भूमिकाएं निभाईं। इस फिल्म ने टॉम क्रूज को सुपरस्टार बनाने में अहम भूमिका निभाई।



# एथलीट में बनाना चाहती हैं राहा का कॅरियर


**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा 3 साल की हो गई है, और आलिया अभी से अपनी बच्ची के भविष्य के लिए सोचने लगीं हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वे राहा को कौन से कॅरियर फील्ड में देखने पसंद करेंगी। इसमें चौंकाने वाली बात ये रही कि उन्होंने राहा के भविष्य में एक्टिंग या बॉलीवुड स्टार बनने का जिक्र नहीं किया। इंटरव्यू में आलिया भट्ट ने अपनी सोच और पर्सनल लाइफ को लेकर दिलचस्प बातें शेयर कीं। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लगता है जब सब कुछ एक टीम की तरह काम करता है। अगर मैं एथलीट होती, तो जरूर कोई टीम स्पोर्ट खेलती। ये बात मैं कभी-कभी सोचती भी हूं। यहां तक कि अपनी बेटी के लिए भी, मैं चाहती हूं कि वो एथलीट बने। वो बहुत कॉम्पिटिटिव है और काफी एक्टिव भी। वो अभी सिर्फ तीन साल की है, लेकिन बहुत उछल-कूद करती रहती है।



# इरफान की पान सिंह तोमर पर बनी डॉक्यूमेंट्री

**मुंबई।** इरफान खान का नाम बॉलीवुड के महान एक्टर्स की लिस्ट में शामिल किया जाता है। सोशल मीडिया पर लोग आज भी इरफान खान को याद करते हैं और उनकी फिल्मों की बात करते हैं। इरफान खान ने फिल्मों में जो भी रोल निभाया, उसे खूब प्यार मिला, लेकिन इरफान खान की फिल्म 'पान सिंह तोमर' के लिए लोगों के मन में अलग ही जगह है। अब इरफान खान की इसी फिल्म की मेकिंग पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई गई है। इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग इरफान खान की छठी पुण्यतिथि पर होगी। इरफान खान की छठी पुण्यतिथि, 29 अप्रैल को नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस डॉक्यूमेंट्री का टाइटल- 'वह कहानी जो मरने से इनकार कर गई' है।

## टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी 15 में नजर आएंगे विवियन

नई दिल्ली। रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी में कौन-कौन से चेहरे नजर आएंगे, इसको जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। अब खतरों के खिलाड़ी 15 को लेकर बड़ा अपडेट आया है। शो में टीवी के वैम्पायर विवियन डीसेना की एंट्री होगी। फैंस विवियन का नाम जानने के बाद काफी उत्साहित हैं। विवियन पहले भी इस शो का हिस्सा रह चुके हैं। इससे पहले विवियव डीसेना बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। विवियन डीसेना की रोहित शेट्टी के खतरों के खिलाड़ी 15 में एंट्री कन्फर्म हो गई है। विवियन डीसेना बिग बॉस 18 में भी नजर आए थे। विवियन डीसेना शो के पहले रनर अप थे। करणवीर मेहरा बिग बॉस 18 के विनर थे। अगर विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी के अपकमिंग सीजन में नजर आते हैं तो ये पहली बार नहीं होगा जब विवियन डीसेना स्टंट बेस्ड रियलिटी शो में नजर आएंगे। विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 का हिस्सा थे। विवियन वाइल्ड कार्ड एंट्री बनकर शो में पहुंचे थे। खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 के विनर दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला थे। विवियन डीसेना को टीवी का वैंपायर कहा जाता है। स्टार वन के शो प्यार की ये एक कहानी में विवियन डीसेना ने अभय रायचंद नाम के वैम्यार का किरदार निभाया था। विवियन डीसेना के इस रोल को काफी पसंद किया गया था। इस शो में विवियन की लीड एक्ट्रेस सुकीर्ति कांडपाल थीं। इसके अलावा, विवियन डीसेना कलर्स के शो मधुबाला, शक्ति-अस्तित्व के एहसास की, सिर्फ तुम और उड़ारियां जैसे शोज में नजर आ चुके हैं।

## अनुपमा में होगी समीक्षा की एंट्री

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'अनुपमा' में श्रुति की एंट्री से हड़कंप मचने वाला है। शनिवार के दिन श्रुति की पहली झलक दिखाई जाएगी। सामने आए प्रोमो के मुताबिक, श्रुति के आने की वजह से अनुपमा और उसकी बेटी राही का रिश्ता खराब हो जाएगा।



पहले श्रुति का किरदार सुकीर्ति कांडपाल ने निभाया था। जब अनुपमा से तलाक लेने के बाद अनुज कपाड़िया और राही उर्फ आध्या अमेरिका शिफ्ट हो गए थे, तब राही का ख्याल श्रुति ने ही रखा था। इतना ही नहीं, श्रुति, अनुज से प्यार करती थी और उससे शादी भी करना चाहती थी। वहीं, श्रुति का किरदार समीक्षा भटनागर निभाने वाली हैं। समीक्षा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'अनुपमा जैसे लोकप्रिय शो में इतना दमदार किरदार निभाने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूं। यह शो लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुका है। ऐसे में मैं शुक्रगुजार हूं कि अब मैं भी इस सफर का हिस्सा बन गई हूं। राजन शाही सर का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मेरी काबिलियत को पहचाना।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं सातवें आसमान पर हूं। मेरी फिल्म 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' 24 अप्रैल को रिलीज हो गई है और ठीक उसी समय मेरा टीवी का सफर भी फिर से शुरू हो रहा है।

# बेटी न्यासा संग बिगड़ गया था काजोल का रिश्ता, आपस में झगड़ते थे

**मुंबई।** काजोल बड़े पर्दे पर एक दयालु मां का किरदार कई बार निभा चुकी हैं। असल जिंदगी में भी वह एक बेटी न्यासा और बेटे युग की परवरिश कर रही हैं। जब काजोल की बेटी न्यासा टीनएज में आई तो इनके रिश्ते में कई उतार-चढ़ावा आए, एक वक्त तो दोनों के बीच खूब झगड़ते भी होते थे। हाल ही में काजोल ने लिली सिंह के पॉडकास्ट पर में अपनी जेन जी बेटी न्यासा और उसकी परवरिश में आने वाली चुनौतियों का जिक्र किया। वह कहती हैं, 'मैं उससे बहुत सारी बातें करती हूं। मैं उसकी हर बात समझाती हूं। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसे हमें मिलकर बनाना पड़ा है। जब वह टीनएज में आई तो हम दोनों ही बहुत ज्यादा परेशान थे। हम आपस में झगड़ते थे, कई बार हम दोनों ही बिना सोचे-समझे बातें कह देते थे। कई बार हम दोनों ही तर्कहीन बातें करते थे।'

## बेटी को लेकर बदली अपनी सोच



काजोल आगे कहती हैं, 'बड़े होने के नाते मैंने पहल की। खुद से कहा कि मुझे थोड़ा और समझदारी से काम लेना चाहिए। मैंने तय किया कि अब मैं न्यासा से झगड़ा नहीं करूंगी। मैं उससे बात करने की कोशिश करूंगी। मैं उससे तब तक बात करती रहूंगी जब तक वह मेरी बात सुनना शुरू न कर दे। धीरे-धीरे यह तरीका बातचीत में बदल गया, लंबी-लंबी बातचीत में हमारे बीच होने लगी। इसी बात से सबसे बड़ा फर्क पड़ा। पैरेंटिंग की यही मेरी सबसे बड़ी सीख थी।'काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह महारागिनी में नजर आएंगी। पिछले साल वह मां और सरजमीं जैसी फिल्मों में दमदार किरदार निभाती दिखी थीं। साथ ही उन्होंने ट्विंकल खन्ना के साथ एक टॉक शो 'टू मच'भी किया था। इस शो में बॉलीवुड सेलेब्स आकर अपने कई राज बताते थे।

# 86 की उम्र में भी काम करने को हैं मजबूर

**नई दिल्ली।** दिग्गज हास्य अभिनेता दिनेश हिंगू ने 86 साल की उम्र में अपने जीवन के बारे में खुलकर बात की है, और उन्होंने जो शेयर किया वह दिल छूने वाला है। अपनी अनोखी कॉमेडी से पीढ़ियों को हंसाने के लिए मशहूर इस एक्टर ने बताया कि आर्थिक जरूरतें खत्म नहीं हुई हैं, इसलिए वह आज भी काम पर जाते हैं। हाल ही में एक बातचीत में हिंगू ने कहा, 'मैं 86 साल का हूं। मैं कभी-कभी काम के लिए बाहर जाता हूं। हाल ही में मैं गिर गया और मुझे चोट लग गई। अब ठीक है, डॉक्टर के पास जाने के लिए भी माल चाहिए ना। वो तो लूटते हैं कभी लाओ 5000, कभी 6000 रुपए लाओ। एक ऐसा व्यक्ति जिसने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया है, जो दशकों से एक जाना-पहचाना चेहरा रहा है, उसे आज भी बुनियादी चिकित्सा खर्चों की चिंता सता रही है। यह फिल्म इंडस्ट्री में जिंदगी को बयां करता है, खासकर ऐसे एक्टर्स को जो कभी लीड रोल नहीं ले पाए लेकिन अनगिनत फिल्में कीं।



## कॉमिक टाइमिंग से छाए

हिंगू के कॅरियर की असली पहचान उनकी निरंतरता थी। उन्होंने बड़े किरदारों या भारी-भरकम डायलॉग्स पर भरोसा नहीं किया। इसके बजाय, उन्होंने अपनी टाइमिंग, बॉडी लैंग्वेज और एक अनोखी हास्य शैली के दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई। नमक हलाल, करण अर्जुन, हम आपके हैं कौन..!, कुली नंबर 1 और गुप्त जैसी फिल्मों में उन्होंने यादगार रोल किए।

## तकदीर फिल्म से की एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत

13 अप्रैल, 1940 को बड़ौदा में जन्मे दिनेश हिंगू का भारतीय सिनेमा में लंबा और निरंतर सफर रहा है। भले ही उन्होंने हमेशा लीड रोल्स न किए हों, लेकिन उनकी प्रेजेंस को नजरअंदाज करना मुश्किल था। उनकी कॉमेडी, खासकर केवल अपने हाव-भाव और अलग आवाज से लोगों को हंसाने की उनकी क्षमता ने उन्हें दर्शकों का चहेता बना दिया। उन्होंने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत 1967 में आई फिल्म तकदीर से की थी। अपने समय के कई एक्टर्स की तरह, उनकी सफलता रातोंरात नहीं मिली। यह एक के बाद एक फिल्म और एक के बाद एक रोल के साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ने का सफर था। वर्षों के दौरान, उन्होंने कई तरह की फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे डायरेक्टर्स के भरोसेमंद चेहरों में से एक बन गए।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगा जोरदार मनोरंजन

# रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वीकएंड आ गया है। मनोरंजन के शौकीन कुछ नई फिल्म और सीरीज की तलाश में होंगे। यूं तो सिनेमाघरों में माइकल और गिन्नी वेड्स सनी 2 जैसी फिल्में शुक्रवार को रिलीज हो गई हैं। मगर, गर्मियां भी अपने पूरे रंग दिखा रही है। ऐसे में अगर आप घर बैठे सुकून से ओटीटी पर ही कुछ देखने का मन बना रहे हैं तो आपके पास अच्छे विकल्प हैं।

### प्रतिछाया

यह मलयालम पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर भी दस्तक दे चुकी है। इस वीक से दर्शक इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं। इस फिल्म में पावर, राजनीति और बदले की दमदार कहानी दिखाई गई है। 24 अप्रैल से 'प्रतिछाया' जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।




### 24

अनिल कपूर अभिनीत एक्शन थ्रिलर शो 24 का तीसरा सीजन भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसमें अनिल कपूर एक बार फिर जय सिंह राठौड़ के रोल में नजर आए हैं। यह शो शुक्रवार 24 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है। बता दें कि '24' का पहला सीजन 04 अक्टूबर 2013 को टीवी पर आया था। दूसरा सीजन 23 जुलाई 2016 से 9 अक्तूबर 2016 तक प्रसारित हुआ। अब तीसरा सीजन ओटीटी पर आ चुका है।

### स्ट्रेंजर थिंग्स- टेल्स फ्रॉम 85

इस वीकएंड आप इस सीरीज का भी लुत्फ उठा सकते हैं। यह 23 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह एक एनिमेटेड साइंस फिक्शन सीरीज है। अगर आपको एनिमेटेड शो पसंद हैं, तो इसे देख सकते हैं।

### एपेक्स

यह एक सर्वाइवल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भी इस वीकएंड देख सकते हैं। इसका निर्देशन बाल्टासर कोरमाकुर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट जेरेमी रॉबिन्स ने लिखी है। वहीं, इसमें चार्लीज थेरॉन, टैरोन एगर्टन और एरिक बाना जैसे सितारे हैं। यह फिल्म 24 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### हैप्पी राज

यह एक तमिल फिल्म है, जो इस साल मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन मारिया राजा ने किया है। वहीं, इसमें जी.वी. प्रकाश कुमार, अब्बास, श्री गौरी प्रिया और जॉर्ज मरियन अहम भूमिकाओं में हैं। अब यह फिल्म ओटीटी पर 24 अप्रैल से प्राइम वोडियो पर आ गई है।

### मार्टी सुप्रीम

अगर आपको स्पोर्ट्स ड्रामा देखना पसंद है तो ऑस्कर नामांकित फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' को इस वीक की लिस्ट में जोड़ सकते हैं। यह 1950 के दशक की पृष्ठभूमि पर बनी है। यह पिंग पोंग खिलाड़ी मार्टी माउजर पर आधारित है, जो पार्ट टाइम जूतों की दुकान पर सेल्समैन का काम भी करता है। उसके संघर्ष और खेल के प्रति जुनून को दिखाया गया है। यह फिल्म 24 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर आ गई है।

### बंद मेलम

यह तेलुगु भाषा की रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म की कहानी दो दोस्तों गिरी और राजी पर आधारित है, जिनकी दोस्ती बचपन से है। मगर, एक गलतफहमी की वजह से इनके बीच दूरी आ जाती है। फिर, एक मोड़ पर आकर इन्हें जिंदगी फिर मिलवाती है। यह फिल्म शुक्रवार को जी5 पर रिलीज हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### नागरिकों की जानकारी रहेगी पूरी तरह गोपनीय

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में आगामी भारत की जनगणना 2027 को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जनगणना में नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रहेगी तथा इसका उपयोग केवल विकास योजनाओं के निर्माण के लिए किया जाएगा। यह जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि भविष्य की योजना का आधार स्तंभ है। इस बार प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी, जिससे डेटा संग्रह अधिक सटीक और पारदर्शी बनेगा। जनगणना अधिनियम 1948 के तहत नागरिकों की जानकारी किसी भी पुलिस जांच, आयकर या अन्य कार्यवाही में उपयोग नहीं की जा सकती। डॉ कन्नौजे ने कहा कि जनगणना को दो चरणों में संपन्न किया जाएगा। पहला चरण मकान सूचीकरण का होगा, जो 1 मई से 30 मई 2026 तक चलेगा। इसके तहत लगभग 33 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें घर की स्थिति, पेयजल, बिजली, शौचालय और अन्य सुविधाओं की जानकारी शामिल होगी। मुख्य जनगणना फरवरी 2027 से शुरू होकर मार्च 2027 तक पूरी की जाएगी, जिसमें करीब 33 प्रश्नों के माध्यम से नागरिकों की सामाजिक आर्थिक स्थिति का आंकलन किया जाएगा।

### प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 27 तक

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाईट व्यापम सीजी डॉट सीजी स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन में में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है। इसमें बीएससी नर्सिंग, पीएटी और पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 27 अप्रैल निश्चित है। इसके लिए परीक्षा केंद्र छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में बनाया गया है।

### मंडी बोर्ड एसआई भर्ती परीक्षा आज

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा मंडी बोर्ड के उप निरीक्षक भर्ती का लिखित परीक्षा 26 अप्रैल को सुबह 10 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ के 16 जिलों में लाखों अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट लेना होगा। पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा हो जाएगी। परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो का एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में परीक्षा केंद्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
परीक्षा केन्द्रों में आयोजित परीक्षा में शामिल हो रहे अभ्यर्थी के लिए व्यापम ने निर्देश जारी किया है, जिसके अनुसार परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आये। काले, गहरे नीले,गहरे हरे,जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा।

### पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में लोगों को मिला लाभ

**सारंगढ़।** आंगनबाड़ी केंद्र कोतरी में पोषण पखवाड़ा 2026 का समापन कार्यक्रम विगत दिवस किया गया। इस अवसर पर ईसीसीई कार्यक्रम, पालक सम्मेलन, गोद भराई, अन्नप्राशन, न्योता भोज एवं आधार पंजीयन कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे, शिक्षा शर्मा डिप्टी कलेक्टर, किशन टंडन क्रांति जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं उत्तम प्रसाद जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी शामिल हुए। समापन कार्यक्रम के दौरान बच्चों के समग्र विकास हेतु ईसीसीई गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया तथा अभिभावकों को पोषण, स्वास्थ्य एवं बाल विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

### गोबरसिंहा, साल्हेओना, मानिकपुर बड़े, विश्वासपुर, बरगांव में दी सौगात

# वित्त मंत्री ने किया लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन




वित्तमंत्री को पौधा भेंट करते जनप्रतिनिधि और उपस्थित ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र में शामिल बरमेकला ब्लॉक के कई गांवों में विकास कार्यों की सौगात दी। इस दौरान वित्त मंत्री ने एक करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का जहां लोकार्पण किया। वहीं कुछ विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जब तक मेरी सांस चलती रहेगी। मैं विकास के लिए कार्य करुंगा चाहे इसके लिए मुझे जीतना भी मेहनत क्यों न करना पड़े, मैं पीछे नहीं हटूंगा। आप लोग के आशीर्वाद ही मुझे विकास कार्य करने में ताकत देती है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने दौरे में शामिल गोबरसिंहा, साल्हेओना मानिकपुर बड़े, विश्वासपुर, बरगांव सभी गावों में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर विभिन्न कार्यों के लोकार्पण किया। किसानों द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होने पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी को सरसों से तौला गया। साथ ही केला से भी तौला गया। विकास कार्यों में जिला खनिज संस्थान न्यास योजनांतर्गत स्वीकृत सीसी रोड़ निर्माण कार्य फुरसो घर से लक्ष्मीनारायण घर तक स्वीकृत राशि 10 लाख का लोकार्पण, नाली निर्माण कार्य बाजार परिसर में स्वीकृत राशि 10 लाख गौण खनिज मद योगनांतर्गत स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्य बाजार परिसर में स्वीकृत राशि 13 लाख, गौण खनिज मद योगनांतर्गत स्वीकृत बाजार परिसर में रोड का मरम्मत जीर्णोद्धार कार्य स्वीकृत राशि 5 लाख लोकार्पण, मनरेगा योगनांतर्गत स्वीकृत समुदाय के लिए चेक डेम निर्माण कार्य कटंगी नाला में स्वीकृत राशि 14.46 लाख, जिला खनिज संस्थान न्यास योजनांतर्गत स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्य बीच बस्ती बाजार परिसर में स्वीकृत राशि 10 लाख लोकार्पण साथ ही साल्हेओना में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र सीएससी भवन निर्माण कार्य 5 लाख, शेड निर्माण 10 लाख, विश्वासपुर में सांस्कृतिक मंच निर्माण 3 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 15 लाख शामिल है। वित्त मंत्री ने मानिकपुर बड़े सहित इन सभी गांवों में दस दस लाख रूपए के कार्यों को स्वीकृत करने की घोषणा की, वहीं विश्वासपुर राधा माधव मंदिर में 20 लाख के कार्य की स्वीकृति की घोषणा की।

# ज्ञान भारतम अभियान से सहेजी जाएगी पांडुलिपि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

■ नागरिकों से कागज, लकड़ी, पत्थर, ताम्रपत्र में हस्तलिखित लिपियों की दे सकते हैं जानकारी

कलेक्टर ने कहा कि ज्ञान भारतम अभियान राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के तहत देश की अमूल्य पांडुलिपियों के संरक्षण और दस्तावेजीकरण के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखना है। कलेक्टर ने नागरिकों से कागज, लकड़ी, पत्थर, ताम्रपत्र में हस्तलिखित लिपियों की जानकारी देने का आह्वान किया है। डॉं संजय ने कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा, संस्कृति, विज्ञान और दर्शन को संजोए रखने वाली पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए केंद्र सरकार द्वारा यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत न केवल पांडुलिपियों के सर्वेक्षण और दस्तावेजी करण किया जा रहा है, बल्कि उन्हें आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंचाने का भी लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान के तहत ज्ञान भारतम्‌ मोबाइल ऐप विकसित किया गया है, जिसमें उपलब्ध पांडुलिपियों की तस्वीरें अपलोड करना अनिवार्य किया गया है ताकि उनका डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा सके। जिले में इस अभियान को गति देने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। पिछले दिनों कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बिहारी लाल साहू से उनके निवास चांटीपाली में मुलाकात कर पांडुलिपि संरक्षण पर विस्तृत चर्चा किया गया था। कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से गांवों शहरों में छिपी दुर्लभ पांडुलिपियों की पहचान कर उन्हें संरक्षित करने में महत्वपूर्ण सफलता मिलने की उम्मीद है।

### प्रशिक्षण महाभियान में शामिल हुए जिलाध्यक्ष



**रायगढ़।** रायपुर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की प्रांतीय कार्यशाला में जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान, महामंत्री विकास केडिया मौजूद रहे। अध्यक्ष दीवान ने कहा यह कार्यशाला संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और राष्ट्रसेवा के संकल्प को और सुदृढ़ करने के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रही।

## नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगाया, आरोपी गिरफ्तार



**चंद्रपुर।** चंद्रपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। करीब 40 दिनों की तलाश के बाद पीड़िता को सकुशल बरामद कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

पुलिस नें बताया कि प्रार्थी ने 16 मार्च को चंद्रपुर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री 14 मार्च की सुबह करीब साढ़े 8 बजे हिंदी विषय का पेपर देने के लिए घर से निकली थी, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटी। परिजनों द्वारा रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। इसके बाद अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। चंद्रपुर पुलिस ने जांच शुरू की और लगातार अपहता एवं संदिग्धों की तलाश में जुटी रही। इसी दौरान 23 अप्रैल को पुलिस को सफलता मिली और नाबालिग को आरोपी विनायक ठाकूर के कब्जे से दस्तयाब किया गया। वही महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पीड़िता का बयान धारा 180 बीएनएसएस के तहत दर्ज किया गया। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि आरोपी उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और शादी का प्रलोभन देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। जांच में आरोप प्रमाणित होने पर आरोपी विनायक ठाकूर पिता रामू ठाकूर 20 के खिलाफ धारा 137(2) 64(2) ड बीएनएस 2023 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 06 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। वही पुलिस ने 24 अप्रैल को आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### दीपक बने जिला सह संयोजक



**घरघोड़ा।** भारतीय जनता पार्टी ने किसानों के बीच अपनी पकड़ को और मजबूत करने के उद्देश्य से सहकारिता प्रकोष्ठ में नई नियुक्ति करते हुए युवा व्यवसायी दीपक अग्रवाल को जिला सह संयोजक के पद पर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति को संगठन की ग्रामीण और कृषि क्षेत्र में बढ़ती सक्रियता के रूप में देखा जा रहा है। दीपक बचपन से ही भाजपा विचारधारा से जुड़े रहे हैं और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा लगातार बनी रही है। उनकी सक्रियता और समर्पण को देखते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अरुणधर दीवान की अनुशंसा पर यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद माना जा रहा है कि दीपक अग्रवाल सहकारिता, विपणन और कृषि से जुड़े मुद्दों में जनता और प्रशासन के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेंगे।

# गर्भवती माताओं के मन में न हो भय इसलिए कराया गया लेबर रुम का भ्रमण

■ 421 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच, दी गई परामर्श



**रायगढ़।** बीते 24 अप्रैल को जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया।

यह अभियान प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को संचालित किया जाता है, जिसके तहत गर्भवती महिलाओं को समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को लेबर रूम एवं ऑपरेशन थियेटर का भ्रमण कराया गया, ताकि प्रसव को लेकर उनके मन में मौजूद भय और तनाव को कम किया जा सके तथा उन्हें सुरक्षित प्रसव के लिए मानसिक रूप से तैयार किया जा सके। गर्भवती एवं शिशुवती महिलाएं इस अभियान का सुरक्षित मातृत्व लाभ उठा सकते हैं। साथ ही नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित पोषण एवं संस्थागत प्रसव को अपनाने के लिए जागरूक किया गया। अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक अल्पाहार उपलब्ध कराते हुए उनकी विस्तृत स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श किया गया। स्वास्थ्य शिविरों में हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, सिकल सेलए मलेरिया, एचआईवी, वजन एवं ऊंचाई सहित आवश्यक सभी जांचें की गईं। साथ ही आयरन एवं कैल्शियम टैबलेट का वितरण कर महिला चिकित्सकों द्वारा व्यक्तिगत स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण संबंधी विशेष काउंसलिंग भी दी गई। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें निजी एवं शासकीय सोनोग्राफी केंद्रों में निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर तत्काल स्वास्थ्यकर्मियों से संपर्क कर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या आंगनबाड़ी में पहुंचने की सलाह दी गई। अभियान के तहत 24 अप्रैल को जिले में 421 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की गई। इनमें सिविल अस्पताल खरसिया में 24, लोईंग विकासखंड में 36, पुसौर में 60, चपले में 62, तमनार में 37, धरमजयगढ़ में 124, लैलूंगा में 52 तथा घरघोड़ा में 50 गर्भवती महिलाओं की जांच कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

# नगर पंचायत में जनगणना का दिया गया प्रशिक्षण



**घरघोड़ा।** राष्ट्रीय जनगणना 2027 के अंतर्गत घरघोड़ा सह तमनार नगर पंचायत के जनगणना कार्य मे संलग्न प्रगणक एवं सुपरवाइजर पद पर नियुक्त कर्मचारियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण तहसील मुख्यालय घरघोड़ा मे सम्पन्न हुआ।

जिसके अन्तर्गत नागरिकों के मुलभुत सुविधाओं से युक्त 33 प्रकार की जानकारी एकत्र की जाएगी जो भविष्य मे राष्ट्रीय विकास संरचना के लिए आवश्यक साबित होगी। प्रशिक्षण के तीसरे दिवस पर राष्ट्रीय जनगणना 2027 को सफल बनाने एवं प्राप्त प्रशिक्षण को सफल क्रियान्वयन करने हेतु संलग्न कर्मचारियों के साथ मास्टर ट्रेनर्स मे भी उत्साहपूर्वक भावना रही वे भी प्रगणक सुपरवाइजर के साथ रहे एवं जानकारी एकत्रित करने एवं उसको घर घर जाकर जानकारी एकत्र करने में प्रोत्साहित करते दिखे। राष्ट्रीय जनगणना 2027 को सफल बनाने के लिए क्षेत्र वार प्रगणकों सुपरवाइजर हेतु चिन्हांकित कर्मचारियों की नियुक्ति की गयी है। जनगणना गाँव कस्बा वार्ड स्तर पर प्राथमिक आँकडो का सबसे बड़ा स्रोत है । यह जनगणना 2027 भारत की पहली ऐसी जनगणना होगी जिसमें जनगणना आंकड़ों का संग्रहण डिजिटल उपकरणों के माध्यम से होगी। जनगणना के प्रथम चरण एक मई से मकान सुचिकरण एवं मकानों की गणना होगी।

### पीआईएल के फर्नेश में रिसाव ब्लॉस्ट की अफवाह से हडकंप

चांपा। स्थानीय कोटाडबरी स्थित प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड की भट्ठी में गर्म तरल धातु के रिसाव की घटना को लेकर सोशल मीडिया पर फर्नेश ब्लास्ट का अफवाह फैल गया। सूचना पाकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे। उन्होंने मौके का मुआयना किया और अफवाह की पुष्टि की।
शुक्रवार 24 अप्रैल को सोशल मीडिया के माध्यम से कुछ पोर्टल में प्रकाश स्पंज आयरन में फर्नेश ब्लास्ट और मजदूरों के झुलसने की खबर तेजी से वायरल हुआ। सूचना पाकर एसडीएम पवन कोसमा और नगर निरीक्षक अशोक वैष्णव प्लांट पहुंचे। उन्होंने वस्तु स्थिति का जायजा लिया तो पता चला कि तरल धातु भट्ठी के नीचे रिसाव हो रहा था। ब्लास्ट की घटना पूरी तरह से अफवाह है।

# महिला आरक्षण पर सियासी संग्राम तेज कांग्रेस ने की तुरंत लागू करने की मांग




**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने महिला आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। जिला स्तरीय पत्रकारवार्ता में कांग्रेस की पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश ने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण बिल को लेकर प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक लगातार जनता को गुमराह कर रहे हैं।

कांग्रेस का कहना है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 संसद के दोनों सदनों से पारित होकर कानून बन चुका है और राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल चुकी है, इसके बावजूद सरकार इसे लागू करने में देरी कर रही है। पार्टी ने सवाल उठाया कि यदि सरकार वास्तव में महिला सशक्तिकरण के पक्ष में हैए तो वर्तमान सीटों पर ही 33 प्रतिशत आरक्षण तुरंत क्यों नहीं दिया जा रहा। बीजेपी महिला आरक्षण को परिसीमन से जोड़कर लागू करने की बात कर रही हैए जबकि संशोधन के जरिए इसे तुरंत लागू किया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी की मंशा महिला आरक्षण लागू करने की नहीं, बल्कि सीटों के परिसीमन के जरिए राजनीतिक लाभ लेने की है। पत्रकारवार्ता में यह भी कहा गया कि 16 अप्रैल 2026 को संसद में लाया गया 131वां संविधान संशोधन विधेयक महिला आरक्षण से सीधे तौर पर जुड़ा नहीं थाए बल्कि उसमें लोकसभा सीटों को 850 तक बढ़ाने और परिसीमन का प्रस्ताव शामिल था। कांग्रेस का दावा है कि विपक्ष की एकजुटता के कारण यह प्रयास सफल नहीं हो सका। कांग्रेस ने अपने इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं को आरक्षण दिलाने की शुरुआत कांग्रेस सरकारों ने की थी। 1989 में राजीव गांधी ने इस दिशा में पहल की थी, जिसे बाद में 1993 में पीवी नरसिम्हा राव की सरकार ने लागू किया। इसके अलावा संसद और विधानसभाओं में महिला आरक्षण के लिए 2010 में मनमोहन सिंह सरकार ने भी प्रयास किया था। कांग्रेस का दावा है कि आज देशभर में लाखों महिला जनप्रतिनिधि कांग्रेस की नीतियों का ही परिणाम हैं। पार्टी ने बीजेपी पर आरोप लगाया कि वह महिला आरक्षण के नाम पर पूरे देश में भ्रम फैला रही है। कांग्रेस ने मांग की कि आगामी जनगणना और परिसीमन का इंतजार किए बिना महिला आरक्षण को तुरंत लागू किया जाए, ताकि महिलाओं को वास्तविक राजनीतिक भागीदारी मिल सके।

### प्राइवेट स्कूलों को कलेक्टर ने दी चेतावनी

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने गुरुवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में गुरुवार को जिले के प्राइवेट स्कूलों का ब्लॉकवार समीक्षा बैठक किया। डॉ कन्नौजे ने सभी स्कूल संचालकों को निर्देश दिए कि प्राइवेट स्कूलों को ड्रेस, पुस्तक कॉपी खरीदने के लिए बंधनकारी नहीं होना चाहिए। बच्चों की स्कूल फीस और पुस्तक कॉपी का रेट नियमानुसार तय होनी चाहिए। बसों की फिटनेस ठीक करेंए ड्राइवर कंडक्टर के आपराधिक रिकार्ड का जांच करें। बस में केयर टेकर रखें। स्कूल के पास स्टॉपर बनाये। कलेक्टर ने स्कूल फीस नहीं जमा करने पर भी प्रवेश पत्र, मार्कशीट और टीसी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के योजनाओं का लाभ स्कूल में दें।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त